# University in News on 26 June 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 5

### लविवि : 7 जुलाई से प्रस्तावित परीक्षा के चलते विवि प्रशासन ने जारी किए निर्देश

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सात जुलाई से प्रस्तावित सत्रांत परीक्षाओं को देखते हुए अपने स्टूडेंट्स को परीक्षा से एक सप्ताह पूर्व यानी 30 जून से छात्रावास में आने और रहने को हरी झंडी दे दी है। विद्यार्थी छात्रावास से बाहर केवल परीक्षा देने जा सकेंगे। साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए छात्रावासों के नियमित सैनिटाइजेशन की भी बात कही है।

कोरोना संक्रमण को देखते हुए लगातार छात्र सत्रांत परीक्षा न कराने व मास प्रमोशन को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच शासन के निर्देश के बाद विश्वविद्यालय ने 07 जुलाई से परीक्षा प्रस्तावित कर रखी है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि सभी छात्र-छात्रा परीक्षा देने के लिए छात्रावासों में एक सप्ताह पूर्व रहने के लिए आ सकते हैं। उनको अपने छात्रावासों के अभिरक्षक को अपने आने की तिथि के बारे में एक सप्ताह पूर्व सूचित करना होगा। उनको कोरोना से बचाव से संबंधित सभी दिशा-निर्देश अनिवार्य रूप से मानने होंगे। विद्यार्थियों के पास अपने निजी प्रयोग के लिए मास्क, हैंड सैनिटाइजर और दस्ताने होने चाहिए।

विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रावासों का सैनिटाइजेशन और विद्यार्थियों की थर्मल स्क्रीनिंग नियमित रूप से कराई जाएगी। छात्रों को सुझाव दिया कि वे अपनी निजी आवश्यकता के सामान, दवाइयां एवं अन्य दैनिक आवश्यकता की चीजें ही लेकर आए। उन्होंने बताया कि किसी भी बाहरी व्यक्ति का छात्रावास परिसर में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। यदि इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। डॉ. दुर्गेश ने बताया कि मेस में भी बचाव के लिए कुछ हॉस्टल में अलग-आलग मेस की व्यवस्था की जा रही है। परीक्षा कक्ष में सैनिटाइजेशन आदि को लेकर विस्तृत निर्देश दिए जा चुके हैं।



#### 17 छात्रावासों में कुल 2831 छात्र क्षमता

लखनऊ। एलयू में छात्रों के 10 तथा छात्राओं के 07 छात्रावास हैं, जिनमें लगभग 2831 स्टूडेंट्स रहते हैं। इन विद्यार्थियों के आने के बाद विवि को विशेष व्यवस्था करनी होगी। सबसे बड़ी चुनौती हॉस्टल में सोशल डिस्टेन्स मेंटेन करना होगी। विवि के पास इतनी बेहतर व्यवस्था नहीं है कि वो इसकी मॉनिटरिंग कर सके। साथ ही इतने स्टूडेंट्स की नियमित थर्मल स्क्रीनिंग और उन्हें हॉस्टल में ही रहने की व्यवस्था कर पाना भी चुनौती पूर्ण होगा। वहीं, राष्ट्रीय युवा अधिकार मंचा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह ने विवि में मास प्रमोशन की मांग को गलत बताया है।

### अंग्रेजी विभाग की पत्रिका का विमोचन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग की त्रैमासिक पत्रिका 'रेतोरिका : ए लिटररी जर्नल ऑफ आर्ट्स' का बृहस्पतिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और मुख्य अतिथि कवयित्री डॉ. अनामिका ने ई-विमोचन किया। कार्यक्रम में विभाग के छात्र श्रुति मिश्रा, मोहम्मद हेजश, गलुह द्वी अजेंग, सत्यम सिंह और आकांशा पांडे ने अपनी प्रस्तुतियां पढ़ीं।

## NBT Page 7

### एलयू ने जारी कीं गाइडलाइंस
### परीक्षा से एक हफ्ते पहले आना होगा हॉस्टल

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने हॉस्टल स्टूडेंट्स के लिए गाइडलाइंस जारी कर दी है। एलयू चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नालिनी पाण्डेय ने बताया कि स्टूडेंट्स को परीक्षा देने के एक हफ्ते पहले हॉस्टल आना होगा। इसके अलावा गाइडलाइंस के मुताबिक रहना होगा। दरअसल, प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार एलयू में सात जुलाई से वार्षिक परीक्षाएं शुरू होनी हैं, जबकि एक जुलाई से क्लासेज चलेंगी। हालांकि, परीक्षा निरस्त करने को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी गई है।

#### ये हैं गाइडलाइंस

■ अपने हॉस्टल के अभिरक्षक को अपने आने की डेट के बारे में एक सप्ताह पूर्व सूचित करना होगा। ■ कोविड-19 से बचाव से संबंधित सभी निर्देश मानने होंगे। ■ हॉस्टल का सैनिइटजेशन, स्टूडेंट्स की थर्मल स्कैनिंग होगी ■ स्टूडेंट्स के पास मास्क, हैंड सैनिटाइजर और दस्ताने होने चाहिए। ■ हॉस्टल से बाहर केवल परीक्षा देने के लिए ही छूटी होगी, इसलिए स्टूडेंट्स को अपनी निजी आवश्यकता का सामान लेकर आना होगा। ■ किसी भी बाहरी व्यक्ति का हॉस्टल परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ऐसी कोई शिकायत मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 29 तक देनी होगी बीएड परीक्षा केंद्रों की सूची

बढ़ाई गई अंतिम तारीख, 26 जून तक देनी थी सूची

■ एनबीटी, लखनऊ : संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के केंद्रों की सूची देने की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। सभी जिलों के नोडल ऑफिसर्स को अब 29 जून तक बीएड कॉर्डिनेटर को सूची उपलब्ध करवानी होगी। इससे पहले 26 जून तक सूची भेजनी थी।

बता दें कि बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए प्रदेश के 73 जिलों में 1440 केंद्र बनाएं जाने हैं। इसमें हर एक केंद्र में 300 अभ्यर्थी ही परीक्षा दें पाएंगे। बीएड कॉर्डिनेटर प्रो. बाजपेई ने बताया कि मौजूदा हालात को देखते हुए तारीख को आगे बढ़ाया गया है।

## HINDUSTAN Page 7

छात्रों को सिर्फ परीक्षा देने के लिए बाहर निकलने की अनुमति मिलेगी, छात्रावासों में व्यापक बंदोबस्त

### एक जुलाई से खुलेंगे लविवि के छात्रावास

कैम्पस तैयारी



लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रावास एक जुलाई से छात्रों के लिए खोले जाएंगे। आगामी 7 जुलाई से प्रस्तावित वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर गुरुवार को यह फैसला लिया गया। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए छात्रावासों में व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों को परीक्षा से एक हफ्ते पहले छात्रावासों में रहने की सुविधा दी जाएगी। सभी छात्रों को अपने वॉर्डन को अपने आने की तारीख एक हफ्ते पहले बतानी होगी। इसके अलावा कोरोना से बचाव सम्बंधी दिशा-निर्देश अनिवार्य रूप से मान्य होंगे।

#### ये व्यवस्थाएं की गईं

- छात्रावासों का सैनिटाइजेशन और छात्रों की थर्मल स्कैनिंग नियमित रूप से होगी।
- छात्रों के पास मास्क, सैनिटाइजर और दस्ताने होने चाहिए।
- छात्रों को अपनी निजी आवश्यकता का सामान, दवाइयां आदि लेकर आना है।
- किसी भी बाहरी व्यक्ति का छात्रावास परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यदि इस सम्बंध में कोई शिकायत मिलती है, तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### जुलाई में आएंगे बीएड के प्रवेश पत्र

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

प्रदेश के बीएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए 29 जुलाई को प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा के लिए जुलाई के तीसरे सप्ताह में प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।

आयोजन समिति का कहना है कि 15-16 जुलाई तक अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिए जाएंगे। कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस बार प्रवेश पत्र में भी काफी बदलाव किए गए हैं।

**हर केन्द्र पर होगा सैनिटाइजेशन प्रभारी :** राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर इस बार प्रवेश पत्र से लेकर केन्द्र स्तर तक कई बदलाव किए गए हैं। सभी केन्द्रों पर एक सैनिटाइजेशन प्रभारी तैनात किया गया है। परीक्षा केन्द्रों का पूरी तरह सैनिटाइजेशन कराने की जिम्मेदारी इस प्रभारी की होगी। प्रवेश पत्र में कोरोना संक्रमण से बचाव सम्बंधी सभी दिशा निर्देश दिए जाएंगे। प्रो. बाजपेई ने बताया कि केन्द्रों पर अभ्यर्थियों व स्टाफ के लिए मास्क पहनकर आना अनिवार्य होगा। हर केन्द्र पर सभी का तापमान मापने की व्यवस्था होगी।

## HINDUSTAN TIMES Page 2

### LU to open hostels from July 1, says will take care of students

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: After announcing to hold exams in July, the Lucknow University on Thursday announced to open its hostels on July 1.

The decision comes amid protests by students against the decision to hold exams amid rising numbers of Covid-19 cases.

LU will be the first major state university in the capital to open its hostel post lockdown

Officials of the university administration met on Thursday to plan the new arrangements that would be put in place as hostel opens. The university has announced to hold exams from July 7.

Chief provost Nalini Pandey, who was present in the meeting, said, "We have worked out a plan to make arrangements of the facilities that will be in place."

The committee has also drafted a list of guidelines that will be shared with students. The guidelines include procedures for sanitization, social distancing and monitoring of health of students who will return to hostels from different parts of the state.

"The hostels will be sanitized thoroughly before they open and we are aiming at sanitizing them once in every 24 hours. Arrangements will also be made to take temperatures of students and to ensure that they maintain social distancing," said Pandey.

The university has asked students to reach hostel a week before their scheduled exams. The students will have to come with mask, gloves and sanitisers.



Acharya Narendra Dev Hostel lying closed DEEPAK GUPTA/HT

The university will allow students to come out of the hostel only to take their exam.

The Lucknow University has a total of 17 hostels of which seven are for female students.

Close to 3,000 students live in these hostels. Most of the rooms are on double occupancy while the rest accommodate one student per room.

"We have planned to call students to hostel in a phased manner and provide them as many rooms as possible," Pandey said.

"Arrangements are also being made for students to take their meals safely in the mess. We will take care of them like our own children," she added.

Meanwhile, students have raised concerns over the decision.

"Students in my hostel come from various districts. They will arrive via public transport and I don't know how will the university ensure that the students who will arrive from different places to not get infection," said Shyam Singh, a final year student, who lives in one of the hostels.

Several other students too have raised similar concerns.

## PIONEER Page 3

### बीएड परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था के लिए नोडल ऑफिसर्स से सूची तलब

लखनऊ। आगामी 29 जुलाई को प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने सभी जिलों के नोडल ऑफिसर्स से व्यवस्था के लिए 29 जून तक केंद्रों की सूची मांगी है। जिससे समय से पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए प्रदेश के 73 जिलों में 1440 केंद्र बनाएं जाने हैं। जिसमें हर एक केंद्र में 300 अभ्यर्थी ही परीक्षा दें पाएंगे। बीएड कॉर्डिनेटर प्रो. बाजपेई ने बताया कि सभी 16 नोडल ऑफिसर्स को केंद्रों की सूची को लेकर बीते दिनों पत्र भेजा गया था लेकिन हालातों को देखते हुए तारीख को आगे बढ़ाया गया है।